**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**26.07.2023 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 943 का उत्तर**

**वंदे भारत रेलगाड़ियों में यात्री संख्या की दर**

**943. श्री सुधीर गुप्ता:**
**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:**
**श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:**
**श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:**
**श्री विद्युत बरन महतो:**
**श्री प्रतापराव जाधव:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) क्या सरकार यात्रियों की कम संख्या वाली छोटी दूरी की रेलगाड़ियों के किरायों में कमी करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(ख) उक्त कदम से किरायों को किस प्रकार और अधिक व्यवहार्य बनाया जा सकेगा और लोगों को किस प्रकार सहायता मिलेगी;**

**(ग) उन मार्गों का ब्यौरा क्या है जिन पर प्रारंभ में किराया कटौती लागू किए जाने की संभावना है और उक्त प्रयोजनार्थ किन-किन अतिरिक्त मार्गों की पहचान की गई है;**

**(घ) वंदे भारत रेलगाड़ियों की परिचालन लागत में कमी करने से रेलवे को कुल कितना राजस्व प्राप्त होने की संभावना है;**

**(ङ) विभिन्न मार्गों पर वंदे भारत रेलगाड़ियों की यात्री संख्या दर का ब्यौरा क्या है; और**

**(च) सरकार द्वारा वंदे भारत के मार्गों पर यात्रियों की संख्या बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?**

**उत्तर**

**रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (च): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

**********

s.k

**वंदे भारत रेलगाड़ियों में यात्री संख्या की दर के संबंध में 26.07.2023 को लोक सभा में श्री सुधीर गुप्ता, श्री श्रीरंग आप्पा बारणे, श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक, श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे, श्री विद्‌युत बरन महतो और श्री प्रतापराव जाधव के अतारांकित प्रश्न सं. 943 के भाग (क) से (च) के उत्तर से संबंधित विवरण।**

**(क) से (च): क्षेत्रीय रेलों को गाड़ियों में उपलब्ध स्थानों के इष्टतम उपयोग के संबंध में वातानुकूलित कुर्सीयान और एग्जीक्यूटिव श्रेणी के मूल किराए में अधिकतम 25% तक की छूट देने के लिए शक्तियां प्रत्यायोजित (दिनांक 27.08.2019 का वाणिज्यिक परिपत्र सं. 2019 का 40 द्‌वारा) की गई थी। यह क्षेत्र में सभी प्रतिस्पर्धी माध्यमों के लिए यात्रा प्रवृत्ति का विश्लेषण करने के पश्चात कतिपय खंडों पर प्रतिस्पर्धी किराए की पेशकश करने के लिए क्षेत्रीय रेलों को प्राधिकृत करता है और साथ ही भावी अधिभोगिता संभावनाओं का आकलन कर रहा है। इन प्रावधानों को कुछ मामूली आशोधनों (दिनांक 08.07.2023 का वाणिज्यिक परिपत्र सं. 2023 का 11 द्‌वारा) के साथ विस्तारित किया गया है। इसके अतिरिक्त, गाड़ियों में उपलब्ध स्थानों के इष्टतम उपयोग के लिए किराए का यौक्तिकरण एक सतत्‌ प्रक्रिया है।**

**वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान (जून, 2023 तक), वंदे भारत रेलगाड़ियों का कुल उपयोग 99.60% था।**

**परिचालनिक लागत कर्षण ऊर्जा लागत और कर्षण ऊर्जा खपत सहित विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है। भारतीय रेल का रेलगाड़ियों की परिचालन लागत को कम करने का सतत्‌ प्रयास रहता है। वंदे भारत रेक में पुनर्योजी ब्रेकिंग प्रणाली इसकी मुख्य डिजाइन विशेषता के रूप में है, जो ब्रेकिंग ऊर्जा को शिरोपरि उपस्कर (ओएचई) में वापस फीड करता है और इस प्रकार यह कर्षण ऊर्जा खपत को कम करता है।**

***********

s.k